	केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान (भारत सरकार की सोसाइटी, विद्युत मंत्रालय) पोस्ट बॉक्स सं. 8066, प्रो. सर सी.वी.रामन रोड सदाशिवनगर डाक घर, बेंगलूर - 560080

विज्ञापन सं. सीपीआरआई/13/2022

केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान (सीपीआरआई) विद्युत मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त सोसायटी है जो विद्युत आपूर्ति प्रणालियों के उत्पादन, पारेषण, वितरण और प्रचालन के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास में संलग्न है। सीपीआरआई उत्पाद विकास और गुणवत्ता आश्वासन में विद्युत उद्योग की सहायता करने वाले विद्युत शक्ति इंजीनियरी में अनुप्रयुक्त अनुसंधान प्रारंभ करने और समन्वय करने के लिए एक शीर्ष निकाय के रूप में कार्यरत है। सीपीआरआई विद्युत उपकरण के परीक्षण और प्रमाणन के लिए एक स्वतंत्र प्राधिकरण के रूप में भी कार्य करता है। **सीपीआरआई, बेंगलूर** में निम्न सूचित **पूर्ण रूप से अस्थायी** पद के लिए सीपीआरआई, आवेदन आमंत्रित करता है। **पद प्रकृति में अस्थायी है**, **नियुक्ति की अवधि दो वर्ष की अवधि के लिए है।** सीपीआरआई कोई कारण स्पष्ट किए बिना पद भरने या विज्ञापन रद्द करने का अधिकार रखता है।

पद का विवरण	शैक्षिक योग्यता और अनुभव	परियोजना शीर्षक का नाम
परियोजना सहयोगी पद की संख्या - 1 समेकित पारिश्रमिक रु. 30,000/- प्रति माह (सभी सम्मिलित)। आयु सीमा- आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख पर 30 वर्ष से अधिक नहीं।	सामग्री इंजीनियरी / सामग्री विज्ञान / रसायन इंजीनियरी / रसायन विज्ञान / नैनो प्रौद्योगिकी / भौतिकी में प्रथम श्रेणी में एम.एस.सी / एम.टेक। ऊर्जा भंडारण सामग्री और उपकरणों / बैटरी / वैद्युत रसायन शास्त्र / सुपर संधारित्रों में अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।	फास्ट चार्जिंग लीथियम ऑयन बैटरी के लिए उच्च ऊर्जा घनत्व वाली मिश्रित सामग्री का विकास।

आवेदन कैसे दें :

1	उम्मीदवारों को **सीपीआरआई की वेबसाइट https://cpri.res.in से निर्धारित आवेदन प्रारूप** डाउनलोड करना है तथा सभी प्रकार से आवेदन को भरना है एवं शैक्षिक योग्यता, अनुभव आदि के सभी प्रमाण पत्रों की प्रतियों को संलग्न करना है।
2	संपूर्ण आवेदन (अपेक्षित संलग्नकों के साथ) मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान (सीपीआरआई), पोस्ट बॉक्स सं. 8066, प्रो सर. सी वी रामन रोड, सदाशिवनगर डाक घर, बेंगलूर - 560080, को **16.12.2022 के अंत तक** लिफ़ाफ़े के ऊपर **"अनुसंधान सहयोगी (ई इ टी प्रभाग) के पद के लिए आवेदन"** लिखकर डाक द्वारा भेजना है। निश्चित तारीख के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।